प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कानपुर में 47 हज़ार 573 करोड़ रुपये से अधिक की 15 विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास : कानपुर मेट्रो के पांच नये स्टेशनों का किया शुभारम्भ।
2. प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से की मुलाकात : कहा– अभी खत्म नहीं हुआ है ऑपरेशन सिंदूर।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने नीट– पीजी 2025 की परीक्षा एक ही पालो में आयोजित कराने के दिए निर्देश।

और

4. लखनऊ, कानपुर और आसपास के ज़िलों में बारिश ने लोगों को गर्मी से दी राहत : मौसम विभाग ने आगामी दा दिनों के लिए राज्य के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में गरज चमक के साथ वर्षा होने का जताया अनुमान।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कानपुर में 47 हज़ार 573 करोड़ रुपये से अधिक की 15 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कानपुर के शुभम द्विवेदी ने भी पहलगाम हमले में जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि देश

की बहनों और बेटियों का आक्रोश पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में देखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। बाइट....

*हमारी बहनों बेटियों का आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने घर में घुसकर सैकड़ो मिल अंदर जाकर तबाह कर दिए। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम के ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।*

प्रधानमंत्री ने आज जिन परियोजनाओं का शुभारंभ किया उनमें 8 हजार 300 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली 660 मेगावाट की पनकी थर्मल पावर एक्सटेंशन परियोजना, घाटमपुर थर्मल पावर परियोजना की 660 मेगावाट की तीन इकाइयों का उद्‌घाटन शामिल है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बिन्दवां में 40 एमएलडी क्षमता वाले ट्रीटमेंट प्लांट, गौतमबुद्ध नगर में 220 और 132 केवी सबस्टेशन, कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रैफिक सुधार और नगरीय सेवाओं से जुड़ी अन्य परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने दो हजार 120 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन से कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन खंड का भी उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि बिजली की समुचित आपूर्ति, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के साथ आज उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई परियोजनाएं प्रदेश के विकास को और गति देंगी। बाइट....

*हमारी सरकार यूपी के 150 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित कर रहे हैं। यूपी पहले इस देश में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य बन चुका यानीरेलवे हाइवे और एयरवेज  यूपी अब हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथियों हम यूपी को और जो की संभावनाओं का राज्य बना रहे।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के आत्म सम्मान के लिए आत्मनिर्भर होना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस सेक्टर में देश को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। बाइट....

*ऑपरेशन सिंदूर में  प्रमोद परसेंट दुश्मनों को सोने नहीं दिया। उस ब्रह्मोस मिसाइल का भी नया पता है। उत्तर प्रदेश में कानपुर यूपी भारत को डिफेंस का बड़ा एक्सपोर्टर बनाने में सबसे आगे रहे। यहां नहीं फैक्ट्री या लगेगी। यहां बड़े पैमाने पर निवेश आएगा। यहां के हजारों युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे। यूपी और कानपुर का विकास की नई ऊंचाई पर ले कर जाना। इस डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता है।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम को देखकर आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को सलाम कर रही है। उन्होंने कहा कि  भारत ने दुश्मन के खिलाफ जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया वह मेड इन इंडिया की ताकत का अहसास कराता है। बाइट....

*भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी जिसके अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट करके भारत के सेना ने पराक्रम का परिचय देकर के भारत की सुरक्षा को पुख्ता इंतजाम करने का उदाहरण प्रस्तुत किया या प्रधानमंत्री जी के द्वारा 10 वर्षों पूर्व प्रारंभ किए गए मेड इन इंडिया के उत्पादक का बीए पास दुनिया को कराता है तो इस बार ऑपरेशन छोड़ के माध्यम से*

*दुनिया ने देखा है। आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है।*

कार्यक्रम के दौरानश्री मोदी ने आयुष्मान वय वंदना योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन और सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और चेक भी वितरित किये।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर में पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। शुभम के पत्नी ऐशान्या ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि आतंकी घटना का शिकार हुए लोगों के साथ पूरा देश खड़ा है और ये लड़ाई जारी रहेगी। बाइट....

*उन्होंने पूरे परिवार को अपनी संवेदना व्यक्त की है और बोला है कि इस दुखद घटना में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने पूछा अरे बेटा वहां पर कैसे क्या हुआ था, मैं वह मैंने जैसा जो था। मैंने पहले भी आप सबको बताने। उन्हें भी भाई ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ अभी भी लड़ाई जारी है और आगे भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ते रहेंगे और यह शुरुआत।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित संपूर्ण राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन गुरुबचन सिंह सलारिया को याद कर रहे हैं।

*1935 में पंजाब के गुरदासपुर में जन्मे कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया 1957 मेंएक गोरखा राइफल्स में भर्ती हुए। कैप्टन सलारिया ने कांगो में संयुक्त राष्ट्रशांति सेवा की भारतीय टुकड़ी के साथ दिसंबर 1961 मेंएक महत्वपूर्ण ऑपरेशन के दौरान असाधारण बहादुर का परिचय दिया। कांगो से बेल्जियम के लौट जाने के बाद से वहां गृह युद्ध चढ़ गया 5 दिसंबर को कैप्टन सलारिया ने एक पलटन का नेतृत्व करते हुए एलिजाबेथ विले एयर फील्ड के निकट स्थिति को सुदृढ किया जहां कटंगी सैनिकों ने दो बख्तर बंद कारों और लगभग 90 सैनिकों द्वारा एक मजबूत नाकाबंदी स्थापित की थी। कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया और उनके साथियों ने संगिनों, खुकरी, हथगोले और रॉकेट लांचर के साथ हमला करते हुए दुश्मन के 40 लोगों को मार गिराया। दुश्मन की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद*

*कैप्टन सलारिया अंत तक लड़ते रहे। कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया कोउनके अदम्य साहस और नेतृत्व के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलैन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज निर्देश दिया है कि 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट–पीजी दो पालियों के स्थान पर अब एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक ही पाली में परीक्षा कराने की व्यवस्था करं और यह सुनिश्चित किया जाए कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

——————————

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने आज अयोध्या में महारानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री टम्टा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई हाल्कर ने कमज़ोर वर्ग के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया और देश भर में आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त धार्मिक स्थलों को पुनर्स्थापित करने का काम किया था।

——————————

आकाशवाणी लखनऊ के सहायक निदेशक संजय पांडेय आज सेवानिवृत्त हो गए। श्री पांडेय जून 1989 में

बतौर प्रसारण निष्पादक आकाशवाणी से जुड़े थे। अपनी 36 वर्षों की सर्विस के दौरान उन्होंने खेल सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अतंर्राष्ट्रीय आयोजनों के कमेंटेटर के रूप में विशेष पहचान बनाई। श्री पांडे के साथ ही आकाशवाणी लखनऊ में बतौर सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी कार्यरत रंजना सिंह भी आज सेवानिवृत्त हो गईं।

———————

प्रदेश के कई जनपदों में आज रुक रुक बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई । लखनऊ, कानपुर औऱ आस पास के ज़िलों में बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए भी राज्य के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में गरज चमक के साथ वर्षाहोने और तेज़ हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

(समाप्त)